## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में) : 10×5=50

   (a) आरम्भिक हिन्दी का वैशिष्ट्य

   (b) अवधी का व्याकरणिक रूप

   (c) दक्खिनी हिन्दी का क्षेत्र एवं भाषा-स्वरूप

   (d) हिन्दी और उसकी बोलियों का अंतर्सम्बन्ध

   (e) देवनागरी लिपि में सुधार समिति द्वारा किए गए संशोधन

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (a) संविधान में वर्णित राजभाषा-संबंधी प्रावधानों की विवेचना कीजिए। 20

   (b) रहीम की काव्यभाषा का सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 15

   (c) वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में हिन्दी भाषा के विकास का सर्वेक्षण कीजिए। 15

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (a) मध्यकाल में साहित्यिक भाषा के रूप में ब्रजभाषा के विकास पर प्रकाश डालिए। 20

   (b) पहाड़ी हिन्दी की प्रमुख बोलियों की विशेषताएँ बताइए। 15

   (c) नाथ-साहित्य में खड़ी बोली का आरंभिक स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 15

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (a) खड़ी बोली हिन्दी के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उसके मानकीकरण पर प्रकाश डालिए। 20

   (b) हिन्दी-सूफी कवियों की लोकोन्मुखता को सोदाहरण निरूपित कीजिए। 15

   (c) "हिन्दी नई चाल में ढली।" इस कथन की तर्कपूर्ण व्याख्या कीजिए। 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में) : 10×5=50

   (a) तुलसी का समन्वयवाद

   (b) शुक्लोत्तर साहित्येतिहास-लेखन की प्रमुख विशेषताएँ

   (c) जयशंकर प्रसाद के काव्य में मानवीय भूमि

   (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी की आलोचना-दृष्टि का सांस्कृतिक पक्ष

   (e) आधुनिक हिन्दी रंगमंच की चुनौतियाँ

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) "भारतेन्दु के नाटक सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के औजार थे।" इस कथन की तर्कसम्मत व्याख्या कीजिए। 20

(b) रीतिमुक्त काव्यधारा में अभिव्यक्त वैयक्तिकता की विवेचना कीजिए। 15

(c) "अज्ञेय के काव्य में व्यक्ति और समाज का द्वंद्व है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 15

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) हिन्दी की मनोविश्लेषणवादी आलोचना का विकास निरूपित कीजिए। 20

(b) भीष्म साहनी के उपन्यासों में साम्प्रदायिकता के यथार्थ का चित्रण कीजिए। 15

(c) "भक्तिकाल साहित्यिक उत्कृष्टता का काल है।" स्पष्ट कीजिए। 15

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) "पुनर्जागरण भारत में नई मानवता के जन्म का आंदोलन है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। 20

(b) "निराला का काव्य छंद के बंधन से मुक्ति का प्रयास है।" सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 15

(c) हिन्दी ललित निबंध में डॉ॰ विद्यानिवास मिश्र का योगदान रेखांकित कीजिए। 15

★ ★ ★